कितना धन राशि का भुगतान किया जा चुका है और देश में कितनी तोपें प्राप्त हुई हैं और प्राप्त की जायेंगी और क्या प्राप्त हुई तोपों का परीक्षण किया गया है; यदि हां, तो उनके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि ये तोपें घटिया किस्म की हैं; यदि हां तो इसके क्या कारण हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) से (ग) जिन तोपों के लिए आदेश दिए गए हैं वे प्राप्त कर ली गई हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे विनिर्दिष्टियों के अनुरूप हैं, क्योंकि उसके बाद ही उन्हें सेना द्वारा स्वीकार किया जाता है, गुणता आश्वासन निदेशालय ने इसका गहन निरीक्षण किया है। ठेके की शर्तों के अनुसार इन तोपों के लिए भुगतान भी किया जा रहा है।

बोफोर्स तोप संविदा संबंधी जांच कार्य में प्रगति

1729. **श्री मिर्जा इर्शादबेग** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोफ़ोर्स तोप संविदा संबंधी जांच इस समय किस चरण में है और इस संबंध में पूर्व सरकार द्वारा की गई प्रगति के अतिरिक्त वर्तमान सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इस जांच में किन साधनों का प्रयोग किया जा रहा है;

(ख) भूतपूर्व रक्षा सचिव द्वारा दिए गए बयान का ब्यौरा क्या है और क्या उनसे कोई विशेष सूचना उपलब्ध हुई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पूर्व प्रधान मंत्री द्वारा किया गया इस आशय का प्रस्ताव, कि इस संविदा से संबंधित सभी दस्तावेज और पत्रव्यवहार सभी सांसदों को दिखाया जाए, सरकार ने स्वीकार कर लिया है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा जांच कब तक पूरी कर लिये जाने की संभावना है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) : (क) से (ग) बोफ़ोर्स तोप सौदे में जांच के बारे में दिसम्बर, 1989 के पश्चात् सरकार ने निम्नलिखित ठोस कदम उठाए हैं:—

(1) 22 जनवरी, 1990 को एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

(2) भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर स्विस अधिकारियों ने 26 जनवरी, 1990 को स्विस बैंक के छः खातों पर रोक लगा दी।

(3) 9 फ़रवरी, 1990 को स्विस अधिकारियों को एक "याचिका पत्र" (लेटर रोगेटरी) दिया गया ताकि रोके गए स्विस बैंक के छः खातों के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं एवं लाभ पाने वालों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा सके। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार मामले की पूरे जोरों से छानबीन कर रही है।

यह मामला न्यायाधीन भी है इसलिए इस समय किसी सूचना या दस्तावेज को प्रकट करना उचित नहीं होगा। यह जांच-पड़ताल कब पूरी होगी इस बारे में पहले से कोई निश्चित तारीख नहीं बताई जा सकती क्योंकि इसमें कई कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जानी हैं।

बोफोर्स तोप सौदे संबंधी जांच

1730. **श्री मिर्जा इर्शादबेग** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बोफ़ोर्स तोप सौदे के संबंध में स्विस बैंक के खातों संबंधी